सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 22 जुलाई, 2023

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में जल्द ही ''उत्तराखण्ड सेल'' स्थापित होगी। यह सेल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तराखण्ड प्रदेश के सर्वांगीण विकास में मदद करेगी। यह सेल प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थानों की जरूरत के हिसाब से उन्हें प्रबंधन में सहयोग करेगी। इसमें विभिन्न स्तरों की बैठक और सेमिनार भी आयोजित होंगे जिससे प्रदेश के विकास एवं विभिन्न प्रोजेक्ट के प्रबंधन में सहयोग मिलेगा।

राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष आईआईएम, काशीपुर के प्रो. देवेन्द्र पाठक और उनकी टीम द्वारा एक प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें उक्त निर्णय लिया गया। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रदेश में आईआईएम, काशीपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान मौजूद हैं जिनका प्रदेश के विकास में सदुपयोग लिया जाना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि तात्कालिक रूप में आईआईएम, काशीपुर को कृषि एवं उद्यान, पर्यटन और आयुष विभागों के साथ एमओयू कर उन्हें प्रबंधन एवं विश्लेषण में सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य विभागों के साथ भी एमओयू कर उन्हें प्रबंधन में मदद की जाय। उन्होंने सभी राज्य विश्वविद्यालयों से भी एमओयू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी संस्थाओं को मॉडर्न मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में सहयोग किया जाय। राज्यपाल ने अपने पांच मिशन में भी विश्लेषण कर उनमें सहयोग करने की अपेक्षा की। उन्होंने एक रोड़मैप तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर आईआईएम, काशीपुर के प्रो. वी. कृष्णस्वामी, प्रो. मयंक शर्मा, प्रो. हरीश कुमार भी उपस्थित रहे।

............0............